आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 01.01.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- देश–प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ हुआ नववर्ष 2026 का स्वागत।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।
- उत्तराखंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन होगा, फरवरी के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित।
- मौसम विभाग ने पहाड़ों में बारिश–बर्फबारी की संभावना तथा मैदानी इलाकों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

श्रोताओं, आकाशवाणी समाचार की ओर से आप सभी को खुशियों, सफलता और नए आरंभों से भरे नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारी कामना है कि वर्ष 2026 आप सभी के जीवन में नए अवसर, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति लेकर आए।

नव वर्ष 2026

देशभर के साथ ही प्रदेश में भी नव वर्ष 2026 का स्वागत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। देर रात बारह बजते ही लोगों ने आतिशबाजी की और एक–दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

नए साल पर राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस खास अवसर पर मंदिरों को रोशनी और फूलों से सजाया गया है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के शीतकालीन गद्दी स्थलों के साथ ही हरिद्वार और ऋषिकेश में विशेष पूजा–अर्चना और गंगा आरती का आयोजन किया गया।

राजधानी देहरादून, नैनीताल, मसूरी और औली सहित प्रमुख पर्यटन नगरों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किए हैं।

राष्टपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह, और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेश के विकास के साथ ही सभी नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग नई सोच, नई ऊर्जा और सकारात्मक भावना के साथ मिलकर 'देवभूमि' उत्तराखण्ड के विकास में अपना योगदान दें।

वहीं, नववर्ष की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की विकास यात्रा अब तक उपलब्धियों से परिपूर्ण रही है। यह यात्रा संघर्ष, समर्पण और प्रगति की एक प्रेरक गाथा है। राज्य आंदोलन के मूल में उत्तराखण्ड के समग्र और संतुलित विकास की भावना निहित रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए पारदर्शिता, जन–सहभागिता और नई कार्य संस्कृति के साथ विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड ने इस गौरवपूर्ण यात्रा में न केवल भौतिक प्रगति की है, बल्कि अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक पहचान को भी सुदृढ़ किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

टूरिज्म कॉन्क्लेव

प्रदेश में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से सरकार पहली बार भव्य स्तर पर उत्तराखंड टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित करने जा रही है। कॉन्क्लेव का उद्देश्य देश–विदेश में उत्तराखंड को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर फरवरी के तीसरे सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय उत्तराखंड ट्रैवल कॉन्क्लेव का आयोजन प्रस्तावित है। कॉन्क्लेव में देशी और विदेशी टूर ऑपरेटर्स, वेडिंग प्लानर्स, इवेंट और कंसर्ट प्लानर्स, साथ ही एडवेंचर और वेलनेस टूरिज्म से जुड़े संस्थानों को अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा।

पर्यटन सचिव ने पर्यटकों और श्रद्धालुओं से उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों और शीतकालीन चारधाम यात्रा में अधिक से अधिक आने की अपील की है, ताकि वे स्वच्छ पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कर सकें।

विकसित भारत जी राम जी

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 'विकसित भारत जी राम जी कानून' का जोरदार स्वागत किया जा रहा है। मनरेगा के स्थान पर लागू किए गए इस नए कानून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

अल्मोड़ा जिले के ग्रामीणों का कहना है कि 'जी राम जी' कानून से गांवों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

हवालबाग विकास खंड के अथर्वमणि गांव के प्रधान विनोद जोशी ने बताया कि जी राम जी में रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित होगी।

खेल मैदान

प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग ने राज्यभर में खेल मैदानों के विकास की व्यापक योजना तैयार की है।

खेल परिषद के अनुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे खेल मैदान विकसित किए जाएंगे, जिससे गांवों के युवा भी खेलों से जुड़ सकें। स्थानीय और पारंपरिक खेलों को ध्यान में रखकर मैदानों का निर्माण किया जाएगा।

राज्य स्तरीय खेल परिषद के उपाध्यक्ष हेमराज बिष्ट बजरंगी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी।

छावनी में पर्यटन का विस्तार

कुमाऊं मंडल के छावनी परिषदों में पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैंट बोर्ड अध्यक्ष और केआरसी कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और होटल व्यवसायियों से पर्यटन विकास के लिए सुझाव आमंत्रित किए। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने कहा कि रानीखेत में सेना से जुड़ी कुछ प्रतिबंधित क्षेत्रों को छोड़कर आर्मी म्यूजियम, शॉल फैक्ट्री सहित कई स्थान पर्यटकों के लिए खोले गए हैं।

मौसम

और अब एक नज़र आज के मौसम पर.... मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग सहित ऊँचाई वाले जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। साथ ही तीन हजार दो सौ मीटर या उससे अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का अनुमान व्यक्त किया गया है।

वहीं, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी और देहरादून सहित मैदानी इलाकों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है।